लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

प्रधानमंत्री ने संसद भवन परिसर के अग्रभाग की गतिशील प्रकाश सज्जा (DYNAMIC FACADE LIGHTING) का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, 13 अगस्त 2019: प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज संसद भवन परिसर के अग्रभाग की गतिशील प्रकाश सज्जा (DYNAMIC FACADE LIGHTING) का उद्घाटन किया।

लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कार्यक्रम में अनेक केन्द्रीय मंत्रियों, राज्य सभा के उपसभापति श्री हरिवंश, संसद सदस्यों तथा पूर्व संसद सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

ऐसे 875 ऊर्जा दक्ष एलईडी लाइट फिक्सर्स (पानी और धूल को सहने वाले) की परिसर में स्थापना की गई है जिससे बिजली की खपत में काफी हद तक कमी आती है। लंबे समय तक चलने वाले, उत्कृष्ट प्रकाश वाले एल ई डी बल्ब 16 मिलियन रंग संयोजनों को सृजित कर सकते हैं और इस एल ई डी प्रकाश व्यवस्था प्रोग्रामेबल है तथा कम्प्यूटरों के माध्यम से इसे इलेक्ट्रॉनिक रूप से नियंत्रित किया जा सकता है। संसद भवन के पूरे अग्रभाग में गतिशील प्रकाश सज्जा की गई है और भवन के प्रवेशद्वारों पर स्थित मंडपों में भी विशेष प्रकाश व्यवस्था की गई है।

संसद भवन, संसदीय ज्ञानपीठ और संसदीय सौध भवनों की बिजली की खपत क्रमशः 26 किलो वाट, 15 किलो वाट और 12 किलो वाट की होगी। इस पर की गई लागत के संबंध में, पारंपरिक अस्थायी प्रकाश व्यवस्था पर किए जाने वाले खर्च की तुलना में इस स्थायी गतिशील एल ई डी अग्रभाग की प्रकाश सज्जा की लागत की वसूली 8.2 वर्षों में हो जाएगी। स्थायी रूप से की गई प्रकाश सज्जा के मामले में, अस्थायी प्रकाश व्यवस्था की स्थिति के 10-15 दिनों की तुलना में यह प्रकाश सज्जा 365 दिन उपलब्ध रहेगी।

संसद भवन, संसदीय ज्ञानपीठ और संसद भवन परिसर के भवनों के अग्रभाग की गतिशील प्रकाश सज्जा का कार्य केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) द्वारा 20 जुलाई, 2019 को शुरू किया गया था तथा केवल 22 दिनों में इसे पूर्ण किया गया। यह नवोन्मेषी और प्रेरक प्रकाश सज्जा संसद भवन परिसर के आस-पास के क्षेत्रों में की गई प्रकाश सज्जा के तर्ज पर शुरू की गई है|

बहुरंगी प्रकाश के माध्यम से गतिशील प्रकाश-सज्जा भवनों को प्रकाश से आलोकित करती है तथा संसद भवन की भव्यता को बढ़ाती है|

PRIME MINISTER INAUGURATES DYNAMIC FACADE LIGHTING IN PARLIAMENT HOUSE ESTATE

New Delhi, 13 August 2019: The Prime Minister Shri Narendra Modi inaugurated the Dynamic Facade Lighting of the Parliament House Estate today.

Lok Sabha Speaker Shri Om Birla presided over the event. Among other dignitaries were Union Ministers, Deputy Chairman of Rajya Sabha Shri Harivansh; Members of Parliament and former Members of Parliament.

There are 875 energy-efficient LED light fixtures (water and dust resistant), which have been installed in the Complex, allowing a significant reduction of power consumption. The long-lasting, excellent intensity LED bulbs are capable of creating 16 million colour combinations and the LED lighting is programmable and electronically controlled through computers. The whole facade of Parliament House building has been covered for dynamic facade lighting and porches of Building Gates have also been highlighted.

The power consumption in the Parliament House, Parliament Library Building and Parliament House Annexe buildings will be about 26 KW, 15 KW and 12 KW respectively. The cost of permanent dynamic LED facade lighting is recoverable in 8.2 years, considering the expenditure involved in traditional temporary illumination. In case of permanent installations, lighting effects are available for all 365 days as compared to 10-15 days in case of temporary illumination.

The work of dynamic facade lighting of Parliament House, Parliament Library Building and Parliament House Annexe buildings was initiated on 20 July, 2019 by the Central Public Works Department (CPWD) and was completed in just 22 days. The innovative and inspirational lighting has been executed on the lines of surrounding areas of Parliament House Estate.

The dynamic lighting system, through intermittent multi-colour lights, creates an aura and enhances the grandeur of Parliament House.